पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect MadhyapradeshNews
www.facebook.com/groups/bhopalvoice
QR code से मिलेंगी मध्यप्रदेश की और खबरें और वीडियो
QR code को मोबाइल या QR code स्कैनर से स्कैन करें
खबरें, समस्याएं, सुझाव हमें फेसबुक कमेंट बॉक्स में भेजें
facebook.com/patrikamadhyapradesh

ट्रेंडिंग वीडियो

1. हाथी की ये खूबियां सबको हर देंगी हैरान
2. चाय के पैकेट में ले जा रहा था 1.49 करोड़ के हीरे
3. नशे में लड़की ने रोड पर लगाए ठुमके, थम गया ट्रैफिक

राज्य की अन्य खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

@10 जिले मानसून मीटर

अब तक इतनी बारिश

जबलपुर	772	गुना	477
सागर	738	भोपाल	451
इंदौर	713	छिंदवाड़ा	394
शहडोल	705	सतना	390
उज्जैन	559	ग्वालियर	369

(आंकड़े मिमी में)

आसपास

ट्रॉले ने बस को मारी टक्कर, दो की मौत

धार @ पत्रिका . इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रॉले ने बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अशोक कुमार निवासी बिहार और एक अन्य की मौत हो गई तो 40 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को जेसीबी से बाहर अस्पताल में भर्ती करवाया। बस हातोद में स्थित अमृत पेपर मिल फैक्ट्री के कर्मचारियों को छोड़ने जा रही थी।

10 हजार घूस लेते पटवारी धराया

जबलपुर.@ पत्रिका. सिहोरा तहसील में पदस्थ पटवारी देवीदीन पटेल और सहयोगी शारदा पटेल को लोकायुक्त ने 10 हजार की घूस लेते गिरफ्तार किया है। पटवारी ने पटेल से फौती नामांतरण के लिए 20 हजार रुपए मांगे थे।

एनजीटी : प्रमुख सचिव नगरीय विकास से शपथ-पत्र लेकर जारी किया आदेश

कलियासोत के निर्माण हटेंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. एनजीटी ने एक बार फिर राजधानी की कलियासोत नदी के किनारे से दोनों ओर 33 मीटर के दायरे में आने वाले सभी अतिक्रमण और अवैध निर्माणों को तोड़ने के आदेश दिए हैं। इस क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट और ओपन एरिया के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके साथ नदी में सीवेज नहीं मिलने की व्यवस्था भी की जाएगी। ट्रिब्यूनल ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई से शपथ-पत्र लिया है, उसके बाद आदेश जारी किया। इसके लिए आदेश को पांच दिन तक रोककर रखा गया। पीएस ने शपथ-पत्र में कहा है कि वे कलियासोत नदी के 33 मीटर दायरे के सभी अतिक्रमण और अवैध निर्माण को दो माह में सीमांकन कराकर चिह्नित कराएंगे और दिसंबर अंत तक इन्हें तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। इस दायरे में लगभग दो हजार निर्माण आएंगे।

विकसित होगा ग्रीन बेल्ट

कलियासोत नदी का यह फोटो 19 अगस्त 2019 का है, जब नदी अपने पूरे बहाव पर थी। -पत्रिका

एनजीटी सेंट्रल जोन के जस्टिस सुधीर अग्रवाल और एक्सपर्ट मेंबर डॉ अफरोज अहमद की बेंच ने डॉ सुभाष सी पांडे की याचिका पर आदेश दिया। 11 अगस्त को एनजीटी ने प्रमुख सचिव, निगम कमिश्नर को तलब किया। दोनों से पूछा कि 2014 में आदेश के बादअमल क्यों नहीं हो पाया। इसका दोनों कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके थे।

तीसरी बार जारी हुआ है आदेश

डॉ सुभाष पांडे की याचिका पर सबसे पहले 20 अगस्त 2014 को एनजीटी ने 33 मी. दायरे के निर्माण तोड़ने के आदेश दिए। 19 जुलाई 2021 को फिर आदेश दिए, अब फिर आदेश हुए है।

पत्रिका लगातार

रिकॉर्ड के आधार पर तय होंगे किनारे

सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से यह बताया गया था कि कलियासोत नदी ने अपना रास्ता बदल दिया है इसलिए उसका किनारा ही तय नहीं हो पाया। इसे ट्रिब्यूनल ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि बेसाल्ट रॉक इलाके वाली नदियां कभी रास्ता नहीं बदलती हैं। इसके बाद पीएस ने एफिडेविट में कहा है कि वे राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कलियासोत के किनारों से ही 33 मीटर दायरे का सीमांकन कराएंगे।

हरदा में मिला शव

परिजन बोले-यह सना खान नहीं

जबलपुर @ पत्रिका. नागपुर की भाजपा नेत्री सना खान की हत्या करने वाले आरोपी अमित साहू उर्फ पप्पू को नागपुर पुलिस की टीम जबलपुर लेकर पहुंची। जहां सना के शव और उसके सामान को नदी में फेंका था। आरोपी अमित साहू को लेकर मंगलवार को नागपुर लौट गई। इधर, हरदा में एक कुएं में बुधवार को एक युवती का शव मिला। नागपुर और जबलपुर पुलिस की टीम के साथ सना का भाई मोहसिन हरदा पहुंचा, लेकिन उसने शव के सना के होने की बात से इनकार कर दिया। अमित और उसके साथी राजेश सिंह 18 अगस्त तक पुलिस रिमांड पर हैं।

बच गई जान : नर्मदा में नाव डूबी, सभी 10 श्रद्धालुओं को बचाया

खंडवा @ पत्रिका . ओंकारेश्वर के दर्शन को पहुंचे इंदौर-महू के पाटीदार परिवार के 10 लोगों से भरी नाव नर्मदा नदी में पलट गई। नाव को पलटता देख नाविक अपनी नावों को लेकर पीड़ितों तक पहुंचे और नर्मदा नदी के बीच तेज बहाव में फंसे लोगों को किनारे लेकर आ गए। सभी श्रद्धालु लाइव जैकेट पहने हुए थे। इस कारण सभी की जान बच गई। बता दें कि सभी नाव में सवार होकर दर्शन के पहले नौका विहार कर रहे थे। इस दौरान

अचानक नाव का इंजन बंद हो गया और तेज बहाव के कारण देखते ही देखते नाव नागर घाट पर बने गेट से जा टकराई। नाव के टकराने से नाव में पानी भरने लगा। नाविक समय पर पहुंचे और लोगों की जान बचाई।

रतलाम : दो पक्षों में जमकर जूतमपैजार

रतलाम @ पत्रिका. ग्राम पंचायत पंचायत गोपालपुरा में बुधवार को सरपंच सरपंच रंगलाल भाभर और उसके साथियों से गांवों में होने वाले कार्यों का हिसाब-किताब मांगा। विवाद इतना बड़ा कि ग्रामसभा के दौरान ही दोनों पक्षों के बीच जमकर लातघूंसे चलने लगे। पुलिस ने चार नामजद के खिलाफ केस दर्ज किया है।

28 मई को आंधी से उखड़कर गिर गई थी प्रतिमाएं

महाकाल लोक... 77 दिन बाद सप्तऋषि फिर हुए विराजित, लोकार्पण का इंतजार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

उज्जैन. आंधी के कारण सप्तऋषियों की प्रतिमा से विहिन हुए श्री महाकाल लोक फिर नई प्रतिमाओं से सुसज्जित हो गया है। आंधी के 77 दिन बाद सप्तऋषि की नई प्रतिमाएं उनके स्थान पर विराजित कर दी गई हैं। लोकार्पण नहीं होने के चलते अभी इन्हें कपड़े से ढंक रखा है।

महाकाल लोक में स्थापित सप्त ऋषियों की प्रतिमाएं 28 मई को आंधी के कारण पेडस्टैंड से उखड़कर गिर गई थीं। इससे 6 प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त हो गई थीं। घटना से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने के साथ ही बड़े भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। एक दिन बाद ही प्रतिमाओं को महाकाल लोक से और फिर शहर से ही बाहर निकाल दिया था। पहले खंडित प्रतिमाओं को ही सुधारने की योजना थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने नई प्रतिमाएं स्थापित करने के निर्देश दिए थे। ठेकेदार के खर्च पर मुंबई में नई प्रतिमाओं का निर्माण हुआ। 14 अगस्त की देर रात सभी प्रतिमांए मुंबई से महाकाल लोक पहुंचाई गई। प्रतिमाओं को उनके पेडस्टैंड पर स्थापित कर फिक्स करने का कार्य किया जा रहा है।

नई प्रतिमाओं को कपड़े से ढंककर रखा है।

खंडित प्रतिमाओं को क्रेन से उठाया था।

सप्तऋषियों की नवनिर्मित प्रतिमाएं पुन: स्थापित कर दी गई हैं। कुछ दिनों में इनका लोकार्पण किया जाएगा।
कुमार पुरुषोत्तम
कलेक्टर,

आप भी ऐसी समस्या से हैं परेशान तो शेयर करें...

न्यूज शॉर्ट्स

पूर्व विधायक से कोर्ट ने कहा-समय पर आएं

ग्वालियर@ पत्रिका . एमपी एमएलए कोर्ट ने बुधवार को दतिया के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को फटकार लगाई। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि ये विधानसबा नहीं है। जब चाहे तब आएं। अगली बार समय पर नहीं आए तो गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाएगा। राजेंद्र भारती के खिलाफ दतिया में भ्रष्टाचार का केस दर्ज है। ट्रायल एमपी एमएलए कोर्ट में चल रही है।

कक्षा में छात्र बेहोश, शिक्षक पर पीटने का आरोप

पन्ना@ पत्रिका . मिडिल स्कूल दमचुआ में 7वीं का छात्र मानव विश्वास बुधवार को क्लासरूम में बेहोश हो गया। परिजनों ने शिक्षक प्यारे लाल आदिवासी पर डस्टर फेंककर मारने का आरोप लगाया। इधर शिक्षक प्यारे लाल ने सफाई दी कि उसके चेहरे पर हाथ लग गया। इसलिए नाक से खून बहने लगा।

कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/सामान्य/2023-24/1936 मंदसौर, दिनांक : 16.08.2023

वाहन विक्रय द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक के निम्नलिखित वाहन के विक्रय हेतु सार्वजनिक खुली नीलामी दिनांक 01.09.2023 वार शुक्रवार को दोपहर 1.00 बजे से प्रधान कार्यालय संजीत रोड, मंदसौर में वाहन नीलामी हेतु गठित कमेटी द्वारा प्रारंभ की जावेगी।

क्र.	वाहन का विवरण	वाहन की ऑफसेट प्राईज
1	टाटा सफारी MP 14 C.B.-1809 (माडल 2011)	1,60,000/- (अक्षरी रूपये एक लाख साठ हजार मात्र)
2	महिन्द्रा, XUV 500 MP 14 C.C.-0412 (माडल 2014)	2,83,000/- (अक्षरी रूपये दो लाख तरासी हजार मात्र)

इच्छुक व्यक्ति सार्वजनिक नीलामी में बोली लगाने हेतु नियत दिनांक 01.09.2023 को दोपहर 1.00 बजे तक अर्नेस्ट मनी राशि 35,000/- (अक्षरी रूपये पैंतीस हजार मात्र) प्रति वाहन बैंक की शाखा औद्योगिक क्षेत्र मंदसौर में जमा कराकर जमा प्रमाणक प्रस्तुत कर / बैंक के पक्ष में देय अकाउंटपेयी ड्रॉफ्ट प्रस्तुत कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। निर्धारित नियम एवं शर्तें बैंक की Website http://dccbmandsaur.in पर एवं बैंक की किसी भी शाखा या प्रधान कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

01, कॉलेज रोड, रतलाम (457001)
टेलीफोन : 07412-270555 फैक्स : 07412-270556
ई-मेल : commratlam@mpurban.gov.in
वेबसाईट : www.rmcratlam.in

Municipal Corporation Office Ratlam M.P. (RMC)
01, College Road, Ratlam (457001)
Tel : 07412-270555 Fax : 07412-270556
E-mail : commratlam@mpurban.gov.in
Website : www.rmcratlam.in

क्रमांक/139/PMAY/RATLAM CITY/2023 रतलाम, दिनांक 14.08.2023

विज्ञप्ति

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत बंजली में LIG भूखंड (132 भूखण्ड) उल्लेखित लागत अनुसार विक्रय हेतु निम्नानुसार उपलब्ध है:-

क्रमांक	संपत्ति का विवरण	आवंटन योग्य भूखंड की संख्या	भूखंडों का क्षेत्रफल	आरक्षित मूल्य रू.	पंजीयन राशि (10%)
1	DPR-3 बंजली (132 भूखण्ड)	94	1000 वर्गफीट	2400/- प्रति वर्गफीट	2,40,000/-
		21	800 वर्गफीट		
		09	862.72 वर्गफीट		
		02	1169.60 वर्गफीट		
		02	1184.24 वर्गफीट		
		01	934.84 वर्गफीट		
		01	867.24 वर्गफीट		
		01	861.43 वर्गफीट		
		01	787.38 वर्गफीट		

सशुल्क आवेदन पत्र रूपये 200/- जमा करवा कर दिनांक 16.08.2023 से 31.08.2023 के मध्य अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में नगर पालिक निगम कार्यालय भवन के कक्ष क्रमांक 05 से प्राप्त किये जा सकेंगे।
इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 16.08.2023 से 31.08.2023 के मध्य पूर्ण रूप से भरे हुए व हस्ताक्षरित आवेदन पत्र मय पंजीयन राशि रूपये 2,40,000/- का डिमांड ड्राफ्ट जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम रतलाम को देय हो, जमा करा सकेंगे। बिना पंजीयन राशि के या निर्धारित दिनांक 31.08.2023 के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में उपरोक्त कक्ष में प्राप्त कर सकते हैं।
उपलब्ध LIG भूखंडों की संख्या से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो सर्वप्रथम लॉटरी के माध्यम से हितग्राहियों का चयन किया जावेगा। उसके पश्चात भूखंड के क्रमांक हेतु पुन: द्वितीय लाटरी डाली जाकर LIG भूखंडों के क्रमांक आवंटित किये जावेंगे।
योजना में उपलब्ध LIG भूखंड की संख्या से कम आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में LIG भूखंडों के क्रमांक का आवंटन लाटरी के माध्यम से किया जावेगा।
नोट : आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम रतलाम

कार्यालय प्राचार्य, उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.)

(पूर्व शासन द्वारा संचालित पॉलिटेक)
Tel (O) (0734)-2511912 e-mail principal.uecu@gmail.com
Fax (0734)-2511912 Web-site www.uecu.ac.in

क्रमांक/उईकाउ/विज्ञापन/से.स्टोर/1482/2023 उज्जैन, दिनांक 16.08.2023

mptenders.gov.in पर खुली निविदा विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था के विभागों हेतु विभिन्न Goods क्रय करने लिए mptenders.gov.in पर निम्नानुसार खुली निविदाएं आमंत्रित की गई है। इन निविदाओं के संबंध में समस्त जानकारियां mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

S.No.	Tender ID	Tender Title	Start Date	End Date & Time
1	2023_DTE_299150_1	Electronics Equipments	16.08.2023	08.09.2023, 3.00 PM
2	2023_DTE_299166_1	Solar Energy Equipments	16.08.2023	08.09.2023, 3.00 PM
3	2023_DTE_299193_1	L.E.D. TV (for Boys Hostel)	16.08.2023	08.09.2023, 3.00 PM

प्राचार्य : उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.)

कार्यालय परीक्षण अधिकारी, कर्मचारीगण गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित इंदौर

/ / जाहिर सूचना //

कर्मचारीगण गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित इंदौर के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 114 भाग 2 में भूखण्ड प्राप्ति हेतु संस्था सदस्यों की वरियता सूची का प्रकाशन कार्यालय कमिश्नर इंदौर संभाग इंदौर, कार्यालय कलेक्टर जिला इंदौर, कार्यालय इंदौर विकास प्राधिकरण इंदौर, कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता इंदौर संभाग इंदौर, कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता श्रम शिविर जेल रोड इंदौर एवं संस्था कार्यालय 326 क्लर्क कालोनी पर दिनांक 17.08.2023 को किया गया है। उक्त वरियता सूची के संबंध में दावा/आपत्ति दिनांक 17.08.2023 से 31.08.2023 तक जिला सहकारी संघ इंदौर (किला मैदान इंदौर) पर दोपहर 1.00 बजे से 3.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में श्री विशाल बेवाल, मोबाईल क्रमांक 9074548998 को प्रस्तुत कर सकते है। वरियता सूची प्रकाशन की सूचना समस्त सदस्यों को पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजी गई है। उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त शिकायतों एवं दावें आपत्ति को संज्ञान में नही लिया जावेगा।

(आर.एस.गरेठिया) वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक
(आशीष सेठिया) उप अंकेक्षक
परीक्षण अधिकारी कर्मचारीगण गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित इंदौर

कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम (म.प्र.)

सैलाना रोड, ग्राम बंजली, रतलाम (म.प्र.)
ईमेल : deanratlam@gmail.com
वेबसाईट : www.gmcratlam.org कार्यालय दूरभाष नंबर : 07412-284226
क्र. 8018/Purchase/GMC/2023 रतलाम दिनांक 14.08.2023

ई-निविदा विज्ञप्ति

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम (म.प्र.) में इलेक्ट्रिकल एवं प्लंबिंग सामग्री क्रय हेतु प्रथम ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा से संबंधित समस्त प्रपत्र एवं नियम शर्तें निर्धारित शुल्क रू. 1000 का भुगतान कर www.mptenders.gov.in से दिनांक 15.08.2023 से 04.09.2023 तक क्रय किया जा सकेगा। निविदा में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन होने पर कोरिजेन्डम केवल www.mptenders.gov.in एवं महाविद्यालय की वेबसाईड http://www.gmcratlam.org पर ही जारी किया जावेगा समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किये जावेगा।

डॉ. जितेन्द्र गुप्ता
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शा.चि.महा. रतलाम (म.प्र.)

भारत सरकार/Gov. of India
कौशलविकास और उद्यमितामंत्रालय/ Ministry of Skill Development & Entrepreneurship
प्रशिक्षणमहानिदेशालय/Directorate General of Training
राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान/NATIONAL SKILL TRAINING INSTITUTE
सुखलिया रोड, नंदा नगर इंदौर-452011/Sukhliya Road, Nanda Nagar, Indore – 452011
Phone: 0731-2991471, E-mail – rvtiindore@nic.in. व nstiw-indore@dgt.gov.in

अतिथि व्यख्याताओं की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), इंदौर द्वारा पूर्णत: अस्थाई आधार पर शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के निम्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है।

पद का नाम	अतिथि व्याख्याता
पदों की संख्या	क) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन : 01 पद ख) इलेक्ट्रीशियन: 01 पद
न्यूनतम योग्यता	नवीनतम पाठ्यक्रम में निर्धारित योग्यता के अनुसार 1 वर्ष के अनुभव सहित इंजीनियरिंग की संबंधित व्यवसाय में डिग्री या 2 वर्ष के अनुभव के साथ इंजीनियरिंग की संबंधित व्यवसाय में डिप्लोमा या 3 वर्ष के अनुभव सहित संबंधित व्यवसाय में आई.टी.आई/एन टी सी, प्रमाण-पत्र। उपरोक्त तीनों में से किसी एक योग्यता के साथ-साथ अभ्यार्थी के पास राष्ट्रीय शिल्प अनुदेशक प्रमाण-पत्र (NCIC /CITS) होना अनिवार्य है।
नियुक्ति की अवधि	मुख्यालय के निर्देशानुसार।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	25/08/2023
लिखित व कौशल (प्रायोगिक परीक्षा)	30 अगस्त 2023 को राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), इंदौर में होगी ।

नोट: अभ्यर्थियों को अपना बायोडाटा, स्वयं सत्यापित दस्तावेज और पासपोर्ट आकार की तस्वीरें rvtiindore@nic.in व nstiw-indore@dgt.gov.in ई-मेल पर या डाक/स्वयं द्वारा 25 - अगस्त 2023 या उससे पहले जमा करनी होंगी, बिना कोई कारण बताए अधिसूचना को आंशिक रूप से या पूरी तरह से वापस लेने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है।
अधिक जानकारी के लिए www.nstiwindore.dgt.gov.in देखे।

प्राचार्य/PRINCIPAL
रा.कौ.प्र.स. (महिला)/NSTI(W)
इंदौर/INDORE

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

01, कॉलेज रोड, रतलाम (457001)
टेलीफोन : 07412-270555 फैक्स : 07412-270556
ई-मेल : commratlam@mpurban.gov.in
वेबसाईट : www.rmcratlam.in

Municipal Corporation Office Ratlam M.P. (RMC)
01, College Road, Ratlam (457001)
Tel : 07412-270555 Fax : 07412-270556
E-mail : commratlam@mpurban.gov.in
Website : www.rmcratlam.in

क्रमांक/137/PMAY/RATLAM CITY/2023 रतलाम, दिनांक 14.08.2023

विज्ञप्ति

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत बंजली में LIG में फ्लैट्स उल्लेखित लागत अनुसार विक्रय हेतु निम्नानुसार उपलब्ध है:-

क्रमांक	संपत्ति का विवरण एवं आवंटन योग्य फ्लैट की संख्या	सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल	आरक्षित मूल्य रू.	पंजीयन राशि (10%)
	DPR-3 बंजली (192 LIG फ्लैट)	810 वर्गफीट	16,00,000/-	1,60,000/-

सशुल्क आवेदन पत्र रूपये 200/- जमा करवा कर दिनांक 16.08.2023 से 31.08.2023 के मध्य अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में नगर पालिक निगम कार्यालय भवन के कक्ष क्रमांक 05 से प्राप्त किये जा सकेंगे।
इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 16.08.2023 से 31.08.2023 के मध्य पूर्ण रूप से भरे हुए व हस्ताक्षरित आवेदन पत्र मय पंजीयन राशि रूपये 1,60,000/- का डिमांड ड्राफ्ट जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम रतलाम को देय हो, जमा करा सकेंगे। बिना पंजीयन राशि के या निर्धारित दिनांक 31.08.2023 के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में उपरोक्त कक्ष में प्राप्त कर सकते हैं।
उपलब्ध LIG फ्लैट्स की संख्या से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो सर्वप्रथम लॉटरी के माध्यम से हितग्राहियों का चयन किया जावेगा। उसके पश्चात फ्लैट्स के क्रमांक हेतु पुन: द्वितीय लाटरी डाली जाकर LIG फ्लैट्स के क्रमांक आवंटित किये जावेंगे।
योजना में उपलब्ध LIG फ्लैट्स की संख्या से कम आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में LIG फ्लैट्स के क्रमांक का आवंटन लाटरी के माध्यम से किया जावेगा।
नोट : आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम रतलाम

NOTICE OF SALE OF MOVABLE FIXED AND CURRENT ASSETS OF PATWA AUTOMOTIVE PRIVATE LIMITED (in Liquidation)

Regd. Off. At : Lasudia Mori, Dewas Naka, A.B. Road, Indore (M.P.)- 452012.
(Sale under Insolvency and Bankruptcy Code, 2016)

The undersigned Liquidator of Patwa Automotive Private Limited (In Liquidation) ('Corporate Debtor'), appointed by the Hon'ble NCLT, Indore, vide order dated 30.09.2022, intends to sell the following movable fixed and current assets through e-auction on "as is where is basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis". Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider i.e., M/S National E-Governance Services Ltd (NeSL) (website: https://nesl.co.in/auction-notices-under-ibc/)

Date and Time of E-auction	MONDAY,18th September, 2023,3:30 PM to 4.30 PM
Last Date and Time for submission of EOI including KYC documents, Eligibility Criteria documents, etc. by the Prospective bidder.	Upto SATURDAY, 2nd September, 2023
Date of declaration of Qualified Bidder(s)	Upto TUESDAY, 5th September,2023
Date and Time for Inspection/due diligence of assets under auction by the Qualified Bidder(s)	Upto TUESDAY, 12th September, 2023 by 5PM [with one-day prior intimation to Mr. Sajjan Kumar Dokania – Mob. 8989997257) 11:00am-5.00pm (Except Sundays and Madhya Pradesh State Holidays)].
Last date for submission of Declaration Forms and Earnest Money Deposit	Upto FRIDAY, 15th September, 2023 by 05.00 PM.

Sr. No.	Description (Assets) (Bids are invited for each of the blocks separately)	Reserve Price (Rs. in Lakh)	Initial EMD (10% of Reserve Price) (Rs.in Lakh)
1.	Sale of Movable Fixed and Current Assets of Patwa Automotive Private Limited Including Workshop Machinery like Lifts, Jacks, Transformer, Mobile Crane, Tools for dismantling and assembly, Painting tools and Infrastructure, Air conditioners, Fan, Computer, Printers, EPABX, CCTV Network Motors, Electrical Installation and DG Sets, Vehicles, Furniture and Fixture etc. situated at both the places (Indore and Dewas).	45.00	4.50

Bidder/s may refer to detailed terms and conditions and tender documents (Process Memorandum) through websites: https://nesl.co.in/auction-notices-under-ibc/ and can also visit www.ibbi.gov.in for the sale auction notice. They can contact through Email: araventhanse@nesl.co.in, ipsupport@nesl.co.in, or write to the undersigned at patwa.cirp@gmail.com or sajjan_suman@hotmail.com, contact numbers : Mr. Aravethan SE +91- 9384676709, or can contact Mr. Sajjan Kumar Dokania at +91-89899997257, CA Apoorv Gupta-7746911577.
The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s)/bids or adjourn/postpone/cancel the e-Auction or withdraw any property or portion thereof from the auction proceeding at any stage. **Any revision in the sale notice will be uploaded on the website on** https://nesl.co.in/auction-notices-under-ibc/ It is requested to all the bidders to kindly visit the website regularly.

S/d
Sajjan Kumar Dokania
Liquidator of Patwa Automotiove Private Limited (In Liquidation)
IBBI Regn. No.: IBBI/IPA-003/IP-N000150/2017-2018/11729
Address: 25, Globus Fab City, Kolar Road, Chunabhatti ,Near Suyash Hospital Bhopal 462016
patwa.cirp@gmail.com, sajjan_suman@hotmail.com

Place:Bhopal
Date:17-08-2023